# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, चेन्नै (बैंक एवं वि.सं.) के तत्वावधान में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 8 मार्च 2023 को रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय के सभागार में बैंकिंग विषयों पर हिंदी सेमिनार का आयोजन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, चेन्नै (बैंक एवं वि.सं.) के तत्वावधान में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 8 मार्च 2023 को रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय के सभागार में बैंकिंग विषयों पर हिंदी सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन श्री एस. एल. जैन, अध्यक्ष, नराकास चेन्नै (बैंक एवं वि.सं.), प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में श्री एस एम एन स्वामी, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै और श्री के बाबूजी, प्रधानाचार्य, रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय ने उपस्थित होकर सेमिनार की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में डॉ. सिंगाला सुब्बैया, उप प्रधानाचार्य, रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, संकाय सदस्यगण और श्री एस. इलंगो, महाप्रबंधक, एचआरएमडी, भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै भी उपस्थित थे।

सेमिनार में नराकास के विभिन्न सदस्य बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के राजभाषा अधिकारियों और सामान्य संवर्ग के अधिकारियों समेत कुल 50 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। श्री एच. पंढरीनाथ, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै ने हिंदी सेमिनार के मुख्य अतिथियों और सेमिनार के सभी सहभागियों का स्वागत किया गया। हरित पहल के रूप में मंचासीन अतिथिगजनों का, गमला प्रदान करते हुए स्वागत किया गया।

मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करते हुए सेमिनार का उद्घाटन सत्र प्रारंभ हुआ। श्री के बाबूजी, प्रधानाचार्य, रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, चेन्नै ने अपने संबोधन में उन्होंने आरबीएससी में राजभाषा कार्यान्वयन हेतु किए जाने वाले प्रयास और उपलब्धियों की जानकारी दी तथा सभी सहभागियों से अपील की कि राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए प्रारंभिक स्तर पर अपना आद्यक्ष / हस्ताक्षर हिंदी में लिखते हुए शुरू करें। उन्होंने हिंदी सेमिनार के मेजबान करने का अवसर प्रदान

करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै और नराकास, चेन्नै के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी सहभागियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंगों का पर्व होली की शुभकामनाएं दीं।

श्री एस. एम. एन. स्वामी, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै ने हिंदी सेमिनार के आयोजन का अवसर प्रदान करने के लिए नराकास, चेन्नै के प्रति आभार व्यक्त किया, और सेमिनार के मेजबान करने के लिए रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित किया। आगे उन्होंने कहा कि नराकास के तत्वावधान में आरबीआई द्वारा पिछले छह वर्षों से लगातार हिंदी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार के विभिन्न विषयों पर अपनी टिप्पणी देते हुए उन्होंने सहभागियों से अनुरोध किया कि सेमिनार में सक्रिय सहभागिता करते हुए ज्ञानार्जन करें।

श्री एस. एल. जैन, अध्यक्ष (नराकास), प्रबंध निदेशक एवं एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक ने सेमिनार के सभी सहभागियों को महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं देते हुए अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने नराकास, चेन्नै की विभिन्न गतिविधियों की संक्षेप में जानकारी देते हुए सदस्य बैंकों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने लिए किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी। वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था में बैंकिंग क्षेत्र की महत्ता एवं योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने सेमिनार के लिए चयनित बैंकिंग विषयों की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किया। उन्होंने हिंदी सेमिनार के आयोजन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक और रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेमिनार की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

तदुपरांत वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार नराकास के अंतर्गत गठित एक विशेष समिति द्वारा तैयार किए गए 'नूतन शब्द संचयिका' नामक एक शब्दकोश, जिसमें बैंकिंग इन्श्युरेंस और वित्तीय संस्थाओं में उपयोग में आने वाले सबसे नवीन शब्द शामिल किए गए हैं, तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिता 'इंड छवि' के 'महिला विशेषांक' का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। श्री एम. संजीवी कनी, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ उद्घाटन सत्र समाप्त हुआ।
विभिन्न विषयों पर जैसे 'केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी)', 'बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी एवं निगरानी' और 'टीम निर्माण' पर क्रमश: श्री सतीश चंद्र रथ, महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य; श्री धीरेंद्र

कुमार लोहारिया, उप महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य तथा श्री आर सतीश, महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं।

सत्र संवादात्मक रहे और सहभागियों ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस प्रकार के सेमिनार के आयोजन के लिए बधाई दी।

श्रीमती आर सुमा, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय ने समापन सत्र का संचालन किया और सेमिनार के सभी अतिथियों और सहभागियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**<u>सेमिनार की झलकियां</u>:**



**हिंदी सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मंचासीन अतिथिगण – श्री एस एम एन स्वामी, क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, श्री एस एल जैन, अध्यक्ष, नराकास, श्री के बाबूजी, प्रधानाचार्य, आरबीएससी, चेन्नै**



हिंदी सेमिनार के उद्घाटन सत्र में अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्जवलन



श्री एच. पंढरीनाथ, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), आरबीआई, चेन्नै द्वारा स्वागत संबोधन




**श्री एस एल जैन, अध्यक्ष, नराकास (चेन्नै),**
**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक का स्वागत**



**श्री के. बाबूजी, प्रधानाचार्य, रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, चेन्नै द्वारा संबोधन**



**श्री एस एम एन स्वामी, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै द्वारा संबोधन**



**श्री एस एल जैन, अध्यक्ष, नराकास (चेन्नै),**
**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक द्वारा अध्यक्षीय संबोधन**



**हिंदी सेमिनार के सहभागी – एक नज़र**




**इंडियन बैंक की हिंदी गृह पत्रिका 'इंड छवि' के महिला विशेषांक का अनावरण**




**नराकास, चेन्नै द्वारा प्रकाशित 'नूतन शब्द संचयिका' का अनावरण**



**श्री एम. संजीवी कनी, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन**




**श्री सतीश चंद्र रथ, महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य, आरबीएससी द्वारा सत्र संचालन**




**श्री धीरेंद्र कुमार लोहारिया, सहायक महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य,**
**आरबीएससी द्वारा सत्र संचालन**




**श्री आर सतीश, महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य, आरबीएससी द्वारा**
**टीम निर्माण विषय पर व्यावहारिक गतिविधि**



**श्रीमती आर. सुमा, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), आरबीएससी, चेन्नै द्वारा समापन सत्र का संचालन**




**हिंदी सेमिनार के सहभागी – अतिथिगणों के साथ समूह फोटो**



**हिंदी सेमिनार के आयोजक टीम**

***************************